**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2880**

**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# गुजरात में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आवासन परियोजनाएं

**†2880. श्री राजेशभाई नारणभाई चुडासमाः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास गुजरात में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत शुरू की गई आवासन परियोजनाओं की संख्या से संबंधित कोई डेटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गुजरात में पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित घरों की संख्या और आवंटन किए जाने के लिए लंबित घरों की संख्या कितनी है; और

(ग) उक्त योजना पर पिछले पांच वर्षों के दौरान व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है और गुजरात में कुल घरों की संख्या के लिए निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमएवाई-यू एक मांग आधारित योजना है और भारत सरकार ने आवासों के निर्माण के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया है। भाग लेने वाले राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने शहरी क्षेत्रों में आवासों की मांग के आधार पर योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव तैयार किए हैं और स्वीकार्य केंद्रीय सहायता जारी करने के लिए इस मंत्रालय को प्रस्तुत किए हैं।

गुजरात राज्य में पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/सौंपे गए आवासों/परियोजनाओं का जिला-वार विवरण अनुलग्नक में है। गुजरात राज्य में, पिछले पांच वर्षों के दौरान कुल 6,25,362 आवासों को स्वीकृति दे दी गई है और 6,63,609 आवास पूर्ण हो चुके हैं/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं, पूर्ण आवासों में पिछले वर्षों में स्वीकृत आवास भी

शामिल हैं। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों के दौरान गुजरात में इस योजना के तहत 13,851.74 करोड़ रूपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है।

प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने देश भर के शहरी क्षेत्रों में 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है ताकि एक करोड़ परिवारों को चार घटकों यानी लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराये के आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से देश भर के शहरी क्षेत्रों में सस्ती लागत पर आवास का निर्माण करने, उसे खरीदने और किराये पर लेने में मदद दी जा सके। अब तक, गुजरात सहित 29 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf पर उपलब्ध योजना दिशानिर्देशों के अनुसार पीएमएवाई-यू 2.0 को कार्यान्वित करने के लिए सहमति ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2880 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू के तहत गुजरात राज्य में शुरूआत से वास्तविक प्रगति का जिले-वार विवरण

| क्रम संख्या | जिले का नाम | आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण/सौंपे गए |
| 1. | अहमदाबाद | 2,46,585 | 2,33,123 | 2,14,841 |
| 2 | अमरेली | 7,386 | 6,920 | 6,322 |
| 3. | आणंद | 14,418 | 14,120 | 13,764 |
| 4 | अरवल्ली | 5,550 | 5,509 | 5,325 |
| 5 | बनास कांठा | 17,226 | 17,056 | 14,340 |
| 6 | भरूच | 22,939 | 22,783 | 22,423 |
| 7 | भावनगर | 28,664 | 28,197 | 26,584 |
| 8 | बोटाद | 5,091 | 5,051 | 4,865 |
| 9 | छोटाउदेपुर | 742 | 726 | 687 |
| 10 | डांग | 3 | 3 | 3 |
| 11 | देवभूमि द्वारका | 3,439 | 3,302 | 3,084 |
| 12 | दोहद | 4,874 | 4,762 | 4,403 |
| 13 | गांधीनगर | 32,643 | 32,314 | 30,052 |
| 14 | गिर सोमनाथ | 4,426 | 4,265 | 4,051 |
| 15 | जामनगर | 32,703 | 32,509 | 31,191 |
| 16 | जूनागढ़ | 15,949 | 15,272 | 14,778 |
| 17 | कच्छ | 24,724 | 24,604 | 24,416 |
| 18 | खेड़ा | 12,849 | 12,690 | 12,116 |
| 19 | महेसाणा | 23,607 | 23,523 | 23,044 |
| 20 | महिसागर | 2,856 | 2,801 | 2,662 |
| 21 | मोरबी | 15,969 | 15,802 | 15,617 |
| 22 | नर्मदा | 603 | 570 | 554 |
| 23 | नवसारी | 10,018 | 9,929 | 9,289 |
| 24 | पंचमहल | 8,087 | 8,064 | 7,821 |
| 25 | पाटन | 11,753 | 11,691 | 10,935 |
| 26 | पोरबंदर | 7,279 | 7,151 | 6,931 |
| 27 | राजकोट | 91,971 | 91,651 | 89,127 |
| 28 | साबर कांठा | 8,340 | 8,297 | 7,689 |
| 29 | सूरत | 2,06,777 | 2,00,943 | 1,97,728 |
| 30 | सुरेंद्रनगर | 17,853 | 17,216 | 16,075 |
| 31 | तापी | 1,881 | 1,877 | 1,824 |
| 32 | वडोदरा | 92,455 | 91,505 | 84,651 |
| 33 | वलसाड | 25,544 | 25,489 | 25,204 |
| | **कुल योग** | **10,05,204** | **9,79,715** | **9,32,396** |

*****